हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 पीएचई विभाग बेपरवाह, बदहाल सड़क बनी हादसों...



14 पिछड़ा वर्ग समाज देश की आर्थिक, सामाजिक ...





# दसवीं, बारहवीं अवसर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करवाने मिलने लगे फर्जी कॉल

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

10वीं-12वीं का अवसर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करवाने के नाम पर फर्जी कॉल आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल यानी बोर्ड रायपुर से जुड़े होने की बात कहकर न केवल कॉल कर रहे हैं बल्कि बकायदा पैसा भेजने के लिए क्यू आर कोड स्कैनिंग भी वाट्सएप पर भेज रहे हैं। इस कॉल नंबर की पुष्टि करवाने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने कोशिश की तो उन्होने इसे फर्जी बताया और कोई गिरोह द्वारा विद्यार्थियों को झांसा में लेने की कोशिश बताया है। पीड़ित पालक ने लगातार कॉल आने और पैसा डालने के लिए दबाव बनाने के बाद इसकी शिकायत एवं नागरिक सहायता हेतु बने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क किया है और सहायता मांगी है।

## विद्यार्थियों को पैसा डालने क्यू आर कोड स्कैनिंग भी भेज रहे हैं गिरोह

खास खबर

### वाट्सएप पर क्यू आर स्कैनिंग कोड भेजकर 5000 रुपए मांगे

दसवीं के छात्र गौरव साहू एक विषय में फेल हो गया। 16 जुलाई को उसने साइंस विषय की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा दी है। गौरव के पिता एचएस साहू ने बताया कि 28 जुलाई की सुबह से ही बेटे के पास मोबाइल नंबर पर फोन आया। फोन उठाने पर कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से बोल रहे हैं। गौरव को 17 नंबर मिले हैं। पास करवाना चाहते हैं तो 5000 रुपए देने होंगे। कोई जवाब नहीं देने पर थोड़ी देर बाद फिर से कॉल आया। कॉल उठाने पर फिर से वही बात दोहराया गया। तीसरी बार कॉल आया तो नहीं उठाया। उसके बाद उस अज्ञात व्यक्ति ने अपने दूसरे नंबर से कॉल करना शुरू किया। दूसरे नंबर पर को उठाया तो वहीं बात दोहराया गया और उसे वाट्सएप नंबर बताकर क्यू आर कोड स्कैनिंग भी भेजा। इस क्यूआर कोड स्कैनिंग पर पैसे डालने कहा गया। अज्ञात व्यक्ति ने 7488521052 और 9073424954 मोबाइल नंबर से कॉल किया।

### परीक्षा उत्तीर्ण करवाने के नाम हैं गिरोह सक्रिय

बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करवाने के नाम पर प्रदेश स्तर पर गिरोह सक्रिय है। जब दसवी-बारहवीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा हुई थी तो इसी तरफ विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर पर कॉल आते थे और पास करवाने के नाम पर फर्जी लिंक तक भेजा करते। विद्यार्थियों को झांसा देने वाले ऐसे गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए साइबर सेल या संबंधित पालकों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसकी वजह से ऐसे गिरोह का हौसले बुलंद हैं और ये द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा में विद्यार्थियों को झांसे में लेने की प्रयास करने लगे हैं।

### उत्तर पुस्तिकाओं का हो रहा है मूल्यांकन

द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन वर्तमान में चल रहा है। जिला शिक्षा विभाग के मुताबिक दसवीं और बारहवीं बोर्ड के जिन विषयों में विद्यार्थी फेल है या फिर अंक कम आने की वजह से दोबारा परीक्षा में शामिल हुए हैं। उन विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूर्ण नहीं हुई है। हर विषयों की जांच गोपनीय तरीके से करवाई जा रही है। ऐसे में किस विद्यार्थी को कितने अंक मिले हैं इसका खुलासा हो नहीं सकता।

### दुर्ग जिले में 7411 विद्यार्थियों ने दी है बोर्ड की परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा हुई है। जिले में इस परीक्षा के लिए 19 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में कुल 7411 विद्यार्थी परीक्षा दी हैं। जिसमें दसवीं बोर्ड के 4549 और बारहवीं बोर्ड के 2862 विद्यार्थी शामिल हैं। दुर्ग ब्लॉक से 4946 पाटन ब्लॉक से 1621 और धमधा ब्लॉक से 844 द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा में विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

### द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा में ब्लॉकवार स्थिति

| ब्लॉक | 10वीं | 12वीं | कुल परीक्षार्थी |
|---|---|---|---|
| दुर्ग ब्लॉक | 2919 | 2027 | 4946 |
| पाटन ब्लॉक | 1076 | 545 | 1621 |
| धमधा ब्लॉक | 554 | 290 | 844 |

### फर्जी कॉल की करें शिकायत

परीक्षा पास करवाने के नाम पर किसी भी विद्यार्थी को ऐसे फर्जी कॉल आ रहे हैं तो उसकी शिकायत साइबर सेल से करें। विद्यार्थी या उनके पालक झांसे में आकर पैसा न भेजें। इससे गिरोह के हौसले बढ़ेंगे और वे दूसरों को भी ठगने का काम करेंगे। बोर्ड की परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बेहद गोपनीय होता है। किस विद्यार्थी को कितने नंबर मिलते हैं यह भी इस कार्य में लगे शिक्षक या कर्मचारी को मालूम नहीं पड़ता। इसलिए बेहद सर्तक रहने की जरूरत है।

**-अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार से हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 8 वैशालीनगर निवासी आकाश मेश्राम रात को मोहल्ले में विवाद की आवाज सुनकर बाहर निकला। बाहर आने पर आरोपी सुपेला निवासी किशन निषाद उसकी पत्नी के साथ विवाद व गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित बीच-बचाव कर समझाइश देने लगा। किशन ने उसे ही जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से पीड़ित के पेट एवं बाएं हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी किशन निषाद को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने धारदार हथियार और अन्य साक्ष्य बरामद कर जब्त किया। आम नागरिकों से पुलिस अपील करती है कि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें। आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस और डायल 112 को दें। ताकि समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच सके और बड़ी घटनाओं को रोका जा सकें। नशाखोरों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई की जा रही है।

### भिलाई नगर पुलिस ने की कार्रवाई

## तीन साल से म्यूल खातों का इस्तेमाल 26 खाता धारक गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

म्यूल खातों से साइबर ठगी करने वाले 26 ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खातों का इस्तेमाल तीन साल से किया जा रहा था। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बैंक खाताधारकों के बारे में पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवा के निर्देश पर पंजाब नेशनल बैंक के ऐसे खातों का परीक्षण किया गया। जिसमें विभिन्न शिकायतों को लेकर जांच किया गया। जिसमें खातों में साइबर ठगी से मिले धनराशि सीधे खातों में जमा हुई।

ये खाते लेयर-1 की श्रेणी में पाए गए। जांच में वर्ष 2024 से 2026 के मध्य इन खातों के द्वारा पीड़ितों से साजिश के तहत धनराशि को अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर आहरित किए गए। जो प्रथम दृष्टया यह भी पाया गया कि बैंक के खाताधारकों द्वारा स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल सिम,इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराई।

साइबर ठगी से मिले धनराशि को प्राप्त करने, छिपाने अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। इस दौरान पुलिस ने संत रविदास नगर, वार्ड-37, पावर हाउस निवासी शंकर चौधरी, सेक्टर-06, सड़क-18, ब्लॉक-1/सी कार्तिये साहू, सेक्टर-04, डब्ल्यूएमआर रूम नं. 02, ब्लॉक-02, भिलाई रूपेश कुमार देवांगन, एचआईजी-756, न्यू हाउसिंग बोर्ड जामुल अनील कुमार शर्मा, शारदा पारा, कैम्प-2 कमल दास मानिकपुरी, लक्ष्मी नगर, दुर्गा पारा, सुपेला पुरुषोत्तम भारती, ग्राम बोरी, झलमला पारा, रानीतराई राकेश कुमार निर्मलकर, नेहरू नगर, वार्ड 5 सुपेला राहुल मेश्राम, वार्ड-33, गोवर्धन चौक, नेवई हिमांशु यादव, कोहका, बजरंग पारा, चौकी स्मृति नगर आदित्य कुमार वर्मा, गंजपारा, वार्ड-37 दुर्ग शैलेन्द्र विश्वकर्मा, ग्राम डुमरडीह, वार्ड 2 उतई महेन्द्र कुमार साहू, इन्द्रा नगर, उतई दुर्गा प्रसाद ठाकुर, बाम्बे आवास, उरला, थाना मोहन नगर सचिन मेश्राम, मीनाक्षी नगर, बोरसी रोड नारायण देवांगन, सर्कुलर मार्केट, कैम्प-02 आशुतोष मिश्रा, शारदा पारा, गांधी चौक, कैम्प-02 अभिषेक कुमार वर्मा, सेक्टर-11, जोन 2, खुर्सीपार जितेन्द्र हरिश कुमार, मिलन चौक, वार्ड-32 छावनी प्रभावति हरिजन, पंजाबी मोहल्ला, खुर्सीपार गीता लाजेवार, एलआईजी-742 ढांचा भवन जामुल सतविंदर कौर, ग्राम मेहकाखुर्द पाटन उतई श्रुति वर्मा, वार्ड-46 खुर्सीपार प्रेम शीला चौधरी, शंकर नगर, वार्ड-41अंकिता बंजारे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं पासबुक, बैंकिंग, डिजिटल दस्तावेज, अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किया गया।

सभी पीएनबी बैंक के खाता धारक है, वर्ष 2024-2026 तक लेनेदेन हुआ



### डिजिटल बैंकिंग साक्ष्यों पर जांच जारी है

पुलिस ने बताया कि मामले में डिजिटल एवं बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर विवेचना जारी है। साइबर ठगी के मास्टरमाइंड और अन्य शामिल आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। ठग को आरोपियों द्वारा अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल सिम, इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साइबर ठगी से मिले रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर नदद निकासी कर साइबर अपराधियों को अवैध आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। कार्रवाई में भिलाई नगर पुलिस की साइबर टीम, विवेचना अधिकारी, थाना कर्मी द्वारा तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग अभिलेखों का परीक्षण, खाताधारकों की पहचान किया गया।

### 210 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर जब्त

## बीएसपी के भीतर घुसकर स्क्रैप कॉपर पार करने वाले दो पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी के भीतर घुसकर स्क्रैप कॉपर पार करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

■ भट्ठी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

भट्ठी पुलिस ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया था। जिसमें प्लेट मिल 3 के पीछे से कुछ युवको द्वारा अवैध रूप से प्रवेश कर 210 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर चोरी करने का प्रयसा कर रहे है। सीआईएसएफ की टीम ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में आरोपी वार्ड16, बीआरपी कॉलोनी, स्टेशन मरोदा निवासी नेमचंद यादव को पहले पकड़ा गया था।

फरार आरोपी एमआईजी-02, क्वार्टर नं. 1745, ढांचा भवन, कुरूद जामुल आकाश कुहीकर, बजरंग पारा, मरोदा रेलवे स्टेशन प्रीतम कुमार उर्फ पंचू निषाद की तलाश में पुलिस जुटी रही। सूचना पर दोनों युवकों को पकड़ा गया और न्यायालय में पेश कर उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपियों से 210 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.26 लाख रुपए आंकी गई है।



## लोहे का सामान पार करने वाला सुपरवाइजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

फार्म हाउस से लोहे का सामान पार करने वाले सुपरवाइजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 40 हजार रुपए का सामान जब्त किया।

धमधा पुलिस ने बताया कि पचरीपारा, दुर्ग निवासी किशन सिंह यादव का ग्राम रौंदा स्थित निजी भूमि पर बन रहे फार्म हाउस में लोहे का टीन शीट, एंगल, प्लास्टिक पाइप और जीआई पाइप था। जिसे ग्राम रौंदा निवासी मनोज उर्फ मोनू यादव ने पार कर दिया। जिसे पीड़ित ने सुपरवाईजर बनाया था। उसके पास से 9 टीन शीट, 10 लोहे के एंगल, 25 प्लास्टिक पाइप, 10 जीआई पाइप जब्त किया है। उक्त सामानों की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बचे ह हुए सामान को मिलाने पर कम दिखा।



### रौंदा की घटना

संदेह होने पर सुपरवाइजर से पूछताछ किया गया। मनोज ने संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी मनोज उर्फ मोनू यादव ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे पकड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.19 लाख की ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.19 लाख रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि अटल आवास, जामुल निवासी लोमेश वासनिक ने एसपी आफिस पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत किया था। पुलिस ने जांच के बाद अपराध कायम किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शर्मा कॉलोनी, संतोषी पारा, कैम्प-2 निवासी मनोज केशरवानी को पकड़ा गया। मनोज ने पीड़ित के बच्चों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2025 - अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में नगद व ऑनलाइन पेमेंट 3.19 लाख 50 रुपए लिया। समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लग पाई। रकम वापस मांगने पर मनोज टालमटोल करता रहा। पुलिस ने प्रकरण में साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई।

### बीएसपी में चोरी का असफल प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के कोल सेक्शन में कर्मचारियों की सतर्कता से संयंत्र की संपत्ति की चोरी का प्रयास विफल हो गया। कर्मचारियों ने केबल चोरी कर रहे एक व्यक्ति को पकड़कर सीआईएसएफ के हवाले कर दिया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग पहुंचे और कर्मचारियों को सम्मानित किया। घटना 27 जुलाई को बी-शिफ्ट के दौरान रात 9:30 बजे कोल वैगन टिपलर के वैगन पुशर-1 क्षेत्र में हुई।

## दो दिन पेयजल सप्लाई रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शोधन व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 29 जुलाई से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। यह कार्य लगातार दो दिन चलेगा। सफाई कार्य के दौरान शाम के समय जल उत्पादन प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए शाम की जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी, जबकि प्रातःकालीन जलापूर्ति पूर्ववत एवं सामान्य रूप से जारी रहेगी। इसकी वजह से शंकर नगर, शक्ति नगर, पद्मनाभपुर, शनिचरी बाजार, हनुमान नगर, ट्रांसपोर्ट नगर एवं गिरधारी नगर क्षेत्र की ओवरहेड टंकियों से होने वाली शाम की जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई से जल की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ जलापूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित होगी। सफाई कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति पुनः सामान्य कर दी जाएगी।

### 46.29 मिलीमीटर गिरा पानी

## बदली के बीच रुक-रुक कर अलग अलग क्षेत्रों में होने लगी बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दो दिन से छाई बदली के बीच जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मंगलवार को 46.29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जिले छह तहसील हैं इन सभी में बारिश हुई है। अलसुबह कई इलाकों में कुछ देर के लिए बारिश हुई।

दोपहर को भी यही स्थिति देखी गई। रात को फिर से बादल सक्रिय हो गए हैं और बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने ट्विनसिटी सहित दुर्ग संभाग में भारी बारिश की चेतावनी दी है। धूप, बदली और हल्की बारिश के बीच तापमान भी बढ़ा हुआ है। हाल यह है कि मंगलवार को प्रदेशभर में दुर्ग जिले का तापमान सबसे अधिक 30.8 मिलीमीटर रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक 29 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

### जिले में अब तक 423.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2026 से 28 जुलाई तक 423.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 517.5 मिमी तहसील पाटन में तथा न्यूनतम 286.5 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 472.4 मिमी, तहसील बोरी में 515.1 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 405.9 मिमी और तहसील अहिवारा में 343.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 28 जुलाई को तहसील दुर्ग में 5.5 मिमी, तहसील धमधा में 9.8 मिमी, तहसील पाटन में 10.4 मिमी, तहसील बोरी में 6.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 6.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 10.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### महापौर परिषद की बैठक में शहर विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## एसीसी चौक से पावर हाउस तक नंदिनी रोड होगी चौड़ी आउट सोर्सिंग से होगा खुर्सीपार स्टेडियम का रखरखाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर परिषद द्वारा रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट संचालन एवं संधारण, खेल मैदान एवं कोर्ट के संचालन-रखरखाव, लाइब्रेरी एवं ऑक्सी रीडिंग जोन के संचालन उप अभियंता से सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति सहित खुर्सीपार इंडोर स्टेडियम का रखरखाव सहित संचालन कार्य से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करते हुए आवश्यक स्वीकृति एवं अनुशंसा प्रदान की गई।



### खेल मैदान व कोर्ट का संचालन का प्रस्ताव मंजूर

महापौर परिषद की बैठक में जोन क्रमांक 05 के विभिन्न वार्डों में नगर निगम भिलाई द्वारा निर्मित खेल मैदान एवं कोर्ट के संचालन तथा संधारण के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अलावा जोन क्रमांक 05 के वार्ड क्रमांक 60 में नवनिर्मित लाइब्रेरी एवं ऑक्सी रीडिंग जोन के संचालन, संधारण एवं रखरखाव के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। इन सुविधाओं के संचालन से क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेल तथा अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

### सीएम नगरोत्थान मद से चौड़ीकरण

बैठक में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना मद के अंतर्गत जोन क्रमांक 03 स्थित एसीसी चौक से पावर हाउस चौक तक नंदिनी रोड के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर चर्चा की गई। उक्त कार्य के लिए शासन द्वारा 2 करोड़ 90 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य के पूर्ण होने से मार्ग की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थापित स्ट्रीट लाइटों के वार्षिक संचालन, संधारण एवं रखरखाव कार्य पर भी चर्चा की गई। यह कार्य लगभग 1 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से कराया जाना प्रस्तावित है। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के नियमित संधारण से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।


### अभियंताओं की पदोन्नति की अनुशंसा

बैठक में निगम के उप अभियंता पद से सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति से संबंधित विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के संबंध में प्रस्ताव पर विचार करते हुए महापौर परिषद के सदस्यों ने सभी कार्य कराने सर्व सम्मति से अनुशंसा किये। साथ ही जोन 4 अंतर्गत स्थित खुर्सीपार इंडोर स्टेडियम के प्रभावी संचालन हेतु निगम द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से सफाई, सुरक्षा एवं तकनीकी स्टाफ तैनात कर रखरखाव एवं संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत नियम शर्ते बनाये जाने की स्वीकृति को महापौर परिषद के सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मी पति राजू, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, दिनेश कोसरिया, वेशराम सिन्हा, जोन आयुक्त येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, संजय वर्मा, संजय अग्रवाल, अनिल सिंह आदि मौजूद थे।



# गुरु पूर्णिमा

## गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता का पावन पर्व



भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है। गुरु ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान, संस्कार और जीवन की सही दिशा प्रदान करते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि अपने गुरु, शिक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का विशेष अवसर है। इस दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती भी मनाई जाती है, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

## गुरु का महत्व

भारतीय शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु ही वह माध्यम हैं, जो मनुष्य को सत्य, धर्म और ज्ञान का मार्ग दिखाते हैं। माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन गुरु हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। वे केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि अनुशासन, संस्कार, नैतिकता, आत्मविश्वास, धैर्य और जीवन के संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा भी देते हैं।

इसीलिए भारतीय संस्कृति में कहा गया है–

**"गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।**
**गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥"**

अर्थात गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं तथा गुरु ही साक्षात् परमब्रह्म स्वरूप हैं। ऐसे गुरु को बार-बार प्रणाम है।

## गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व

गुरु पूर्णिमा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मचिंतन, आत्मविकास और जीवन मूल्यों को अपनाने का भी अवसर है। इस दिन विद्यार्थी अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं, शिष्य अपने आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा समाज अपने प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है।

आज के आधुनिक युग में भी गुरु का महत्व पहले की तरह ही बना हुआ है। चाहे विद्यालय के शिक्षक हों, कॉलेज के प्राध्यापक, आध्यात्मिक गुरु, माता-पिता या जीवन में प्रेरणा देने वाले मार्गदर्शक–हर वह व्यक्ति गुरु है, जो हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है।

## गुरु-शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत

भारत की गुरु-शिष्य परंपरा ने विश्व को अनेक महान विद्वान, संत, वैज्ञानिक और राष्ट्रनिर्माता दिए हैं। भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन, महर्षि वशिष्ठ और भगवान श्रीराम, द्रोणाचार्य और अर्जुन, स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद, समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसी अनेक प्रेरक गुरु-शिष्य जोड़ियाँ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं।

गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि शिष्य के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे उत्कृष्टता की ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य भी करते हैं।

## आज के समय में गुरु की भूमिका

वर्तमान समय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का आधार बन चुकी है। ऐसे समय में गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, सामाजिक जिम्मेदारी, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करता है। डिजिटल युग में जानकारी तो आसानी से उपलब्ध हो जाती है, लेकिन सही ज्ञान, विवेक और जीवन की दिशा केवल एक योग्य गुरु ही प्रदान कर सकता है।

## गुरु पूर्णिमा का संदेश

गुरु पूर्णिमा हमें यह सीख देती है कि जीवन में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और सतत प्रयास से मिलती है। गुरु का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके बताए आदर्शों और मूल्यों को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।

गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें अपने जीवन के उन सभी गुरुजनों, शिक्षकों, माता-पिता और मार्गदर्शकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है, जिन्होंने हमें सही दिशा दिखाई और आगे बढ़ने का साहस दिया। आइए, इस शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि अपने गुरुजनों के आदर्शों का पालन करेंगे, ज्ञान का सम्मान करेंगे और समाज में सद्भाव, संस्कार तथा मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे।

**"गुरु का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि वही व्यक्ति को साधारण से असाधारण बनने की पेरणा देता है।"**



गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर....
चरणं शरणं गच्छामि
हर तरह की ईच्छा पूर्ति, मानसिक शान्ति एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए
P3Y
(Paramji Alias His Holiness Papr Paramayog)
का तरीका सीखें - निःशुल्क
पी.के.लाहिड़ी / वेदान्त, वेदप्रिया, सुकन्या
फोन : 88265-24394, 90070-78906
website : www.p3ychhattisgarh.in

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुरेव परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।
शुभ गुरु पूर्णिमा
गुरु ही "ब्रम्हा" है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान "शंकर" है। गुरु जी ही साक्षात परब्रम्हा... ऐसे गुरु महाराज जी को मैं प्रमाण करता हूं।
Nishant Tripathi
Secretary SGES-Bhilai
Chairman (GB)SSIPMT
Sej Bahar- Raipur

PRIMUS SOFTECH INSTITUTE
कम्प्यूटर तकनीकी एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान
COURSES OFFERED
DCA | PGDCA | BCA
Tally Prime | MS-Office | PYTHON
PHP | JAVA | .NET | C & C++
Artificial Intelligence and Machine Learning
CALL NOW 7879269207 7415490665
Founder & Trainer : PROF. RAJNISH KUMAR (B.C.A., M.C.A. Bangalore University)
Near Sharda Vidyalaya, Vaishali Nagar, Bhilai

भारत सरकार की पहल
VE SOLAR POWERING A BETTER TOMORROW
प्रधानमंत्री सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना
अपने घर की छत पर सोल प्लांट लगवाएं और पाएं ₹1,08,000 तक की सब्सिडी
सोलर लगाएं, देश और अपने भविष्य को बचाएं
3 kW तक कुल सहायता ₹1,08,000 तक
बिजली बिल में भारी बचत | हरित ऊर्जा स्वच्छ पर्यावरण | 25+ वर्ष की गारंटी | सरकारी सब्सिडी योजना | नेट मीटरिंग की सुविधा | आसान प्रक्रिया सुरक्षित निवेश
सब्सिडी का विवरण


| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता (सब्सिडी) |
|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹ 30,000 | ₹ 15,000 | ₹ 45,000 |
| 2 kW | ₹ 60,000 | ₹ 30,000 | ₹ 90,000 |
| 3 kW | ₹ 78,000 | ₹ 30,000 | ₹ 1,08,000 |

*नियम एवं शर्तें लागू।
सब्सिडी सरकार के नियमों के अनुसार परिवर्तन हो सकती है।
सोलर लगाएं, फायदे पाएं
बिजली बिल में 80% तक की बचत
25+ वर्ष तक सुरक्षित और भरोसेमंद
नेट मीटरिंग से पाएं अतिरिक्त फायदा
एक बार निवेश, 25+ साल लाभ
पर्यावरण के लिए बेहतर, भविष्य के लिए सुरक्षित
हमारे प्रीमियम सोलर ब्रांड पार्टनर
adani Solar | WAAREE | LUMINOUS | TATA POWER SOLAROOF | EXIDE | EN-ICON
बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
SBI | pnb | Bank of Baroda | HDFC BANK | Canara Bank | Central Bank of India
सरल प्रक्रिया, जल्दी लाभ
आवेदन करें → साइट सर्वे → अनुमोदन → इंस्टॉलेशन → सब्सिडी का लाभ
आज ही संपर्क करें
सोलर से खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाएं
VE SOLAR POWERING A BETTER TOMORROW
सोलर लगवाने हेतु संपर्क करें 7999740019

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष | प्रतिक्षा कक्ष | पूजा स्थान | परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कहीं ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान • कालसर्प दोष निवारण
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन • प्रेम विवाह, मोहनी
• मकान - संतान योग • मांगलिक दोष निवारण
• दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए अपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### निकुम में गुरु पूर्णिमा की तैयारी



**निकुम।** गायत्री प्रज्ञापीठ निकुम के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पर्व 29 जुलाई को बाजार चौक में मंदिर में होगा। जिसमें सुबह 5 बजे आरती ध्यान सामूहिक जाप, 9 बजे प्रज्ञा संगीत एवं गुरु पूर्णिमा, अनुशासन, उद्बोधन देव पूजन, वेदव्यास गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार होंगे। यह जानकारी प्रज्ञापुत्र हेमराज निर्मलकर व निखिल साहू ने दी।

### ओटेबंद में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**अण्डा।** बालोद जिले के ग्राम ओटेबंद स्थित प्रसिद्ध श्री विष्णु धाम मंदिर में 29 जुलाई बुधवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।यहां सुबह 8 बजे से गुरुपूजन एवं मंत्र दीक्षा संस्कार का आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु अपने गुरु का पूजन कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके बाद दोपहर 11:30 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) प्रारंभ होगा, जो श्रद्धालुओं के आगमन तक निरंतर चलता रहेगा।

### बेलचंदन की जयंती आज



**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व प्यारेलाल बेलचंदन की जयंती 29 जुलाई बुधवार को है। इस दिन सुबह 11 बजे से सेजेस दाऊ कुर्मी स्व. प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधी ग्राम तिरगा में समारोह आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन रहेंगे। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य दामिनी मुकेश साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में सेवा दल सदस्य गुहा राम देशमुख एवं स्व. प्यारेलाल बेलचंदन के सुपुत्र तथा किसान संगठन के पूर्व अध्यक्ष गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख, सरपंच झोला बंसती निषाद और सरपंच भोथली नेमिन खुटेल शामिल रहेंगे। आयोजन में प्राचार्य पुष्पाराम टेके एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष युवराज देशमुख की विशेष भूमिका रहेगी।

### श्री भागवत आश्रम लिमतरा में गुरू पूर्णिमा पर्व आज

**ओखरा (मुरमुन्दा)।** श्री भागवत आश्रम ग्राम लिमतरा में 29 जुलाई बुधवार को स्वामी निरंजन महाराज के सान्निध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर आश्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम श्री गुरुगीता पाठ, व्यास पूजा एवं अन्नपूर्णा पूजा से प्रारंभ होगा और हवानादिक कार्यक्रम व भजन कीर्तन होगा।

### विद्यार्थी परिषद का गठन

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य पीएल बारले ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है किन्तु समर्पित और कर्तव्यनिष्ट होने पर लाभ मिलती है। उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थी साइंस विषयों से ना घबराए विद्यालय में एआई और एटीएल जैसे आधुनिकतम सिस्टम से पढ़ाई बड़ी आसान हो जाएगी।
इस दौरान शिशु भारती अध्यक्ष ऋतिका, उपाध्यक्ष तन्मय, सेनापति सिद्धि, उप-सेनापति अनुराग, मंत्री भुनेश अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख पुष्कर, सांस्कृतिक प्रमुख समीक्षा जल व्यवस्था यास्मीत, क्रीड़ा प्रमुख पारस, वाहन प्रमुख पंकज ने शपथ ली। बाल भारती अध्यक्ष में चारुशिखा, उपाध्यक्ष नितिन सोनवानी, सेनापति उमंग चंद्राकर, उप-सेनापति श्रेजल, मंत्री टेकेश्वर, वाहन प्रमुख जागृति, सांस्कृतिक प्रमुख लीमेश सागरवंशी, जल व्यवस्था प्रमुख तुषार यादव, क्रीड़ा प्रमुख प्रिया नायक और वाहन प्रमुख ऋषभ बनाए गए। इसी तरह किशोर भारती अध्यक्ष कुमकुम साहू ,उपाध्यक्ष निखिल चंद्राकर, सेनापति प्रभाकर, उप सेनापति विनय टंडन, मंत्री दीपांशु, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख चांदनी चंद्राकर आदि शामिल है।

## बारिश में धंस गई सड़क, अब यहां बन गया दो फीट गहरा गड्ढा

# पीएचई विभाग बेपरवाह, बदहाल सड़क बनी हादसों की वजह, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम चंदखुरी के केनाल पारा में पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) विभाग की लापरवाही लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। विभाग द्वारा पाइपलाइन कार्य के लिए डामरीकृत सड़क को खोदने के बाद उसे नियमानुसार मरम्मत नहीं कराई गई। केवल मिट्टी डालकर छोड़ देने से लगातार बारिश में सड़क धंस गई और अब यहां लगभग दो फीट गहरा गड्ढा बन गया है, जो आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के समय तो वाहन चालक किसी तरह गड्ढे को देखकर बच निकलते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में यह गड्ढा दिखाई नहीं देता। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश के कारण गड्ढे में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है।

इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर और अन्य वाहन चालक आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग ने कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत कराने में गंभीर लापरवाही बरती है, जिससे आम जनता लगातार परेशान हो रही है।

ग्रामीण ने बताया कि इस गड्ढा कम से कम 2 फिट गड्ढा हैं दिन मैं तो दिख जायेगा लेकिन रात में नहीं दिखता पी. ए. ची विभाग आँख मूंदकर नजार देख रहे हैं। शिकायतकर्ता नगीना बाई साहू, चंदू साहू, मोतीलाल साहू, किशन विश्वकर्मा, वासु, गजेंद्र देवांगन, जागृत चंद्राकर सहित अन्य लोगों ने पीएचई विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराने और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा देना होता है, लेकिन अधूरे और लापरवाहीपूर्ण कार्यों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इस खतरनाक गड्ढे की मरम्मत कर आम जनता को राहत दी जाएगी।

### आवेदन के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई



ग्राम पंचायत चंदखुरी की सरपंच कविता ठाकुर ने बताया कि इस समस्या को लेकर पीएचई विभाग को कई बार लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठे हैं। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## मगरघटा-परसदा मार्ग से जनता परेशान एप्रोच रोड पुलिया भी क्षतिग्रस्त



**पाटन।** नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर और नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित मगरघटा-परसदा पुल के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के लगभग चार वर्ष बाद भी काम शुरू नहीं हो सका है। इससे क्षेत्रवासियों में शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। पुल नहीं बनने का खामियाजा रोजाना आवागमन करने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, जुलाई 2023 में इस पुल को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शासन और लोक निर्माण विभाग से पुल निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इस संबंध में नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर के वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद श्रीमती यामिनी मनोज यादव ने भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर पुल निर्माण की मांग की थी। शिकायत के जवाब में पुल के वर्ष 2023 मंख स्वीकृत होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन स्वीकृति के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में गहरा असंतोष है। स्थिति यह है कि आवागमन की सुविधा के लिए बनाई गई एप्रोच रोड और पुलिया भी अब क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सुरक्षा के मद्देनजर विभाग द्वारा रास्ते पर बैरिकेडिंग कर आवागमन प्रतिबंधित किया गया था, लेकिन दोपहिया वाहन चालकों ने आवाजाही के लिए बैरिकेड हटाने का प्रयास किया। हल्की बारिश में एप्रोच रोड पानी में डूब जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, फिर भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इसी मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन, लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मगरघटा-परसदा पुल का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

■ पुल निर्माण में असफल हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभाग पर उठे सवाल

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना पदाधिकारियों पर किया गया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष जिला पदाधिकारियो के उपर जान लेवा हमला हुआ है। इस संदर्भ में जागेश्वर वर्मा जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना दुर्ग शहर ने बताया कि 25 जुलाई को प्रदेश बैठक अमलेश्वर में रखी गई थी। महिला जिलाध्यक्ष छत्तीसगढिया क्रांति सेना रूपकला श्रीवास, रुखमनी कौशल व राहुल वर्मा जिला अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुर्ग शहर इस बैठक के बाद अपनी आई20 कार से घर लौट रहे थे। तभी शाम 7:30 के आसपास ग्राग पाहंदा से आगे परसदा नाला के पहले काले रंग की फार्च्यूनर कार क्रमांक सीजी 04एलक्यू 7777 व सफेद रंग की स्कार्पियो कार जिसके उपर सर्च लाइट लगी हुई थी उसी से 10-11 लड़के धारदार हथियार लेकर उतरे और सड़क बाधित कर गाड़ी को रुकवाकर गालियां देते हुए उतरने को कहा और यही जान से मारने की धमकी देने लगे। तत्पश्चात जागेश्वर वर्मा ने अपनी गाडी को किसी तरह उस स्थान से आगे बढ़ाया जिसका पीछा भी उन लोगों ने किया। जागेश्वर वर्मा ने रात का वक्त होने और कार में महिला होने से उनकी सुरक्षा को देखते हुये 26 जुलाई को थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट कराई। जागेश्वर वर्मा ने कहा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की लोकप्रियता को देखते हुए गन्दी राजनीति शुरु कर दी गई है।

## कलाम के विचार देश के युवाओं के लिए प्रेरक : ललित चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइलमैन और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय बालोद में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सादगी, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उनका पूरा जीवन देश के युवाओं को विज्ञान, शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चेमन, पवन साहू, संध्या परगनिया, अभिषेक शुक्ला, शीतल नायक, सौरभ लुनिया, राकेश यादव, नरेश यदु, राकेश यादव आदि मौजूद थे।

## रूंगटा बना सेंट्रल इंडिया का नंबर 1 डेंटल कॉलेज



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज़ एंड रिसर्च, भिलाई ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एक प्रतिष्ठित मैगज़ीन द्वारा ICARE Ranking 2026 में संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में 16वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के साथ रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज़ एंड रिसर्च, भिलाई सेंट्रल इंडिया का एकमात्र डेंटल कॉलेज बन गया है, जिसे इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रैंकिंग में स्थान मिला है। यह उपलब्धि संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी, अत्याधुनिक क्लिनिकल सुविधाओं तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। रूंगटा डेंटल कॉलेज छत्तीसगढ़ का पहला कॉलेज है जिसे NAAC द्वारा "A grade" ACCREDATION मिला है एवम पिछले कई सालो से आयुष यूनिवर्सिटी की बीडीएस एवम एमडीएस मेरिट सूचि में यंहा के स्टूडेंट्स ही टॉप 10 में स्थान अर्जित करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज की डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम.,चेयरमैन संजय रूंगटा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



### मां के नाम लगाए पेड़

**सेलूद।** ग्राम मुडपार निवासी प्रीतम मौर्य ने अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगकर पर्यावरण को हरा भरा करने का संदेश दिया। अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर ग्राम ढौर के धान फड में मां के नाम एक पेड़ का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, भाजपा की वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल, रामाधार यादव, मायाराम, मया राम यादव, मिलराम, राजकुमार यादव, घनश्याम यादव, राम भरोसा साहू, दुलार राम साहू और पहडोर सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी संजय कुमार वर्मा इत्यादि ने भी अपनी भागीदारी दी।

### बिजनेस साइट

## बंसल ब्रदर्स में 50% तक की छूट, सेल अंतिम तीन दिन



**भिलाई।** शहर के प्रतिष्ठित वस्त्र शोरूम बंसल ब्रदर्स सिविक सेंटर भिलाई में मानसून सीजन के अवसर ऑफर की बारिश हो रही है। यहां ग्राहकों को 50% तक की आकर्षक छूट का लाभ दिया जा रहा है। सेल के अंतिम 3 दिन बचे हैं। इस विशेष सेल के तहत ग्राहकों के लिए फैंसी साड़ियां, कुर्तियां, सूट्स, जीन्स एवं टॉप्स तथा ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग की शानदार रेंज विशेष ऑफर्स के साथ उपलब्ध है। इसके अलावा कई उत्पादों पर विशेष स्कीम भी रखी गई हैं, जिनमें जीन्स, टॉप्स और मिडी पर Buy 1 Get 1, कुर्तियों पर फ्लैट 25% छूट तथा कुर्ती सेट मात्र 995 रुपए से उपलब्ध हैं। बंसल ब्रदर्स में महिलाओं के लिए सिल्क, फैंसी और कॉटन साड़ियों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध है। वहीं पुरुषों के लिए उच्च गुणवत्ता की ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग और स्टाइलिश कुर्तों की विस्तृत रेंज ग्राहकों को पसंद आ रही है।

## अंचल की खबरें

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्रवाई



**कुम्हारी।** पर्यावरण संरक्षण और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण उन्मूलन को लेकर नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के सख्त निर्देशों के परिपालन में शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों और बाजारों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ विशेष जांच एवं जब्ती अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार द्वारा किया गया। अभियान में राज्य शहरी विकास अभिकरण से जिला समन्वयक गौरव केसरवानी, पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक संजय आइच, कैलाश देवदास एवं राजस्व विभाग की टीम विशेष रूप से शामिल रही। निरीक्षण दल ने बाजार में सघन जांच करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन कैरी बैग्स और अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्रियों का उपयोग व क्रय-विक्रय कर रहे दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 10 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया और उल्लंघनकर्ताओं पर 5,000 रुपए की जुर्माना राशि अधिरोपित कर वसूल की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। शासन एवं प्रशासन के निर्देशों के तहत शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, विक्रय और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है।

### रसोई का बजट बिगड़ा, सरकार बढ़ा रही है महंगाई



**भिलाई।** प्रदेश भर में चावल के दामों में इज़ाफा महिलाओ और आम जनता की रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है। पहले रसोई गैस, खाने का तेल और बिजली बिल अब अन्य जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। भाजपा की सरकार जिस तरह से महंगाई बढ़ा रही है। उससे आम लोगों को जीना मुश्किल हो गया है। उक्ताश्य की बातें ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा है। उन्होंने कहा कि चावल सामान्य रूप से 40 रुपये प्रति किलो मिल रहा था। अब पचास रुपए प्रति किलो तक पहुँच गया है। 50 रुपए प्रति किलो बिकने वाला चावल अब 65 रुपए प्रति किलों तक पहुँच चुका है।जबकि 60 रुपए प्रति किलो वाला प्रीमियम चावल अब 75 रुपए हो गए है। इस तरह सरकार चावल की कीमतों में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। प्रदेश की महिलाएं पहले से घरेलू बजट में बढ़ती महंगाई की मार झेल रही है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने से परिवारों के बट्टुओं पर डाका पड़ रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि मंहगाई के कारण आम लोग खासे परेशान हो चुके है।

### सांई कॉलेज में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** सांई कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीद सैनिकों को मंगलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। साथ ही पोस्टरों के माध्यम से कारगिल युद्ध की प्रमुख घटनाओं, भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम तथा ऑपरेशन विजय की सफलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा देश की रक्षा में सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को सुदृढ़ करना था।

### न्योता भोज में जुटे स्कूली बच्चे



**अंडा।** सनराईस पब्लिक स्कूल, ग्राम-अंडा में कक्षा-3 की छात्रा खिशिका जोशी के जन्मदिवस पर उनके अभिभावकों ने 'न्योता भोज' के रूप में पूरे विद्यालय के बच्चों के साथ खुशियां बांटीं। इस अवसर पर अभिभावकों द्वारा सभी विद्यार्थियों को केले, बिस्कुट, चॉकलेट और सेव वितरित किए गए। प्राचार्य जितेंद्र साहू और शिक्षकों ने जन्मदिन मनाने वाली छात्रा खिशिका जोशी को शिक्षा सामग्री और एक पौधा उपहार स्वरूप भेंट कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### आज आश्रम में मनाया जाएगा महापर्व गुरु पूर्णिमा

**दुर्ग।** श्री योग वेदान्त सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वाधान में संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में गुरु पूर्णिमा का महापर्व मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे पंचगव्य पान, सुबह 8 बजे संत श्री के जीवन पर आधारित पाठ, 10 बजे ग्राम चिखली से आश्रम तक कलश यात्रा, गुरु पादुका भ्रमण की जाएगी। आश्रम में 11 बजे गुरु वंदना, पादुका पूजन, भजन कीर्तन होगी। अंत में आरती के बाद भोजन प्रसादी वितरण और भोजन प्रसादी का भी वितरण किया जायेगा। यह जानकारी युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग ने दी।

### लोकतंत्र प्रहरी की सीमा शर्मा प्रदेशाध्यक्ष

**भिलाई।** मीसा बंदियों के हित के लिए काम करने वाले संगठन लोकतंत्र प्रहरी में सीमा शर्मा को नारी शक्ति प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। ये घोषणा हाल ही में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने की। उन्होंने पिछले दिनों अपनी टीम सहित आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में तन मन धन से सक्रिय भूमिका निभाई। वे इससे पूर्व प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरुकता अभियान में भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी है।



### सेजस निकुम में छात्राओं को बांटी गई 73 साइकिल

**निकुम।** सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल निकुम में 53 व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निकुम के 21 स्कूली छात्राओं निः शुल्क साइकिल बाटी गई। जिसमें पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, शाला विकास समिति निकुम अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सांसद प्रतिनिधि पंच राम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि ढाल सिंह सारथी सहित स्कूल प्रिंसिपल एस देवराजन सहित वरिष्ठ व्याख्याता जी एल बंजारे , डी.एल देशमुख, पी. देशमुख, मंजुलता देवांगन , पी टी आई महेश्वर साहू सहित सभी स्टॉफ मौजूद रहे।

# रिटेंशनधारियों में बढ़ा आक्रोश, सेक्टर-1 में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए रिटेंशन स्कीम किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर रिटेंशनधारियो में आक्रोश बढ़ रहा है। गुस्साए रिटेंशनधारियों ने आज सेक्टर 1 में बाइक रैली निकालकर मनमानी किराया वृद्धि वापस लेने की मांग की। सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ भिलाई के बैनर तले भिलाई बचाओ अभियान के तहत सेक्टर 1 मार्केट से निकली रैली में रिटेंशनधारियो सहित परिवार के लोग भी शामिल हुए।

बीएसपी द्वारा रिटेंशन और लायसेंसी आवासधारियों को आवास खाली करने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। रिटेंशन का किराया पिछले दिसंबर महीने से 32 गुना बढ़ाने के साथ रिटेंशन स्कीम को ही खत्म कर दिया गया है। वहीं लायसेंसी आवासों का भी नवीनीकरण बंद कर दिया गया है। यूनियन द्वारा किराया वृद्धि वापस लेकर रिटेंशन व लायसेंस स्कीम को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर विरोध अभियान चलाया जा रहा है। सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ द्वारा दूसरी बार आज अध्यक्ष सुरेशचंद की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई। इसमें मो, रफी व श्री खाड़े सहित बड़ी तादाद में रिटेंशनधारी व परिवार के लोगों व व्यापारियो के साथ समर्थक शामिल हुए। रैली एवेन्यू ए, बी व ए तथा बी मार्केट होते हुए विभिन्न क्रास स्ट्रीट से निकली। रैली में शामिल लोग भिलाई बचाने और रिटेंशन नोटिस वापस लेकर किराया वृद्धि वापस लेने की मांग कर रहे थे।

## लायसेंसी आवासों का नवीनीकरण भी बंद

### मकानों व जमीन को बेचने की तैयारी

रैली के बाद सभा को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन के साथ रैली भी निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन बीएसपी कर्मियों ने अपने खून पसीने से बीएसपी को ऊंचाई तक पहुंचाया, उन्हें ही रिटायर बाद क्यों सड़क पर लाया जा रहा है । यूनियन नेताओं ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप के क्वार्टरों को खाली करवाकर मकानों व जमीन को बिल्डरों में बेचने की तैयारी कर रही है। हम भिलाई को किसी भी कीमत में बिकने नहीं देंगे।




### 10 लाख सुरक्षा निधि जमा के बाद भी बेदखली

रिटेंशन स्कीम के तहत रिटायर कर्मियों ने आवास के लिए दस लाख सुरक्षा निधि के तहत जमा किये हैं। अधिकतर लोग नियमित किराया जमा कर रहे हैं। आवासों का रखरखाव भी होने के साथ अराजकत तत्वों के जमावड़े से भी निजात मिल रही है। इसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन ने पहले आउट स्टैंडिंग के नाम पर बकायादारों को नोटिस जारी किया फिर अब किराया वृद्धि कर स्कीम को ही बंद कर दिया है। अध्यक्ष सुरेशचंद ने कहा कि तत्काल किराया वृद्धि वापस लेकर राहत दी जाए।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा का संभाग स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन

# पिछड़ा वर्ग समाज देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का मजबूत आधार : डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा ओबीसी मोर्चा का संभाग स्तरीय प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन चौहान इंपीरियल में आयोजित किया गया। इस अवसर अतिथि विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जगनाथ पाणिग्रही, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। पवन साय ने कहा कि हम सभी को एक ज्ञात होना चाहिए कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है और ओबीसी मोर्चा संगठन के विस्तार का एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है।

पार्टी की संगठन आत्मक मजबूती के उद्देश्य को लेकर मोर्चा का गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जुड़ा हुआ है। ओबीसी मोर्चा संगठन के विस्तार और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओबीसी समाज को सम्मान, अवसर और भागीदारी देने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ समाज को जोड़ने तथा विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछड़ा वर्ग समाज की मेहनत, प्रतिभा और सामाजिक सहभागिता देश की प्रगति की आधारशिला है। इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, खादी ग्राम उद्योग अध्यक्ष राकेश पांडेय, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, महापौर अलका बाघमार,प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

**विस अध्यक्ष डॉ. रमन, संगठन महामंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव रहे मौजूद**



### भाजपा हमेशा पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भाजपा हमेशा पिछड़ा वर्ग के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। साव ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचकर समाज को संगठित करने और आत्मनिर्भर एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। ओपी चौधरी ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य तभी संभव होगा जब समाज का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज देश की उत्पादक शक्ति है और शिक्षा, कौशल, उद्यमिता तथा नवाचार के माध्यम से यह वर्ग भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। चौधरी ने युवाओं को आधुनिक तकनीक और स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि ओबीसी समाज की एकता, जागरूकता और संगठनात्मक शक्ति ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है।



### चलाया जा रहा देश व्यापी समरसता संकल्प अभियान

प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान की घोषणा की। 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य में जिला, मंडल एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सभी संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समाज के सभी वर्गों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समरसता दीप महोत्सव के अंतर्गत 51 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी क्रम में 11 हजार दीपस्थानों पर में घाट वाराणसी में प्रज्वलित किए जाएंगे।

# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर साझा मंच का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षक भर्ती साझा मंच, प्रांतीय समिति छत्तीसगढ़ ने मंगलवार को शिक्षक भर्ती सभी विषयों सहित जारी करने की मांग को लेकर गांधी चौक दुर्ग में प्रदर्शन कर कलेक्टर ऑफिस चौक तक रैली निकाली एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा मोदी की गारंटी के नाम पर 2 वर्ष में 57,000 शिक्षक भर्ती की घोषणा हुई तथा पूर्व शिक्षा मंत्री ने अपने चुनावी घोषणा पत्र 2023-2024 में 33 हजार रिक्त पदों पर शिक्षक भर्ती करने का वादा किया था। लगभग 3 वर्ष बीत चुके अभी तक आशानुरूप कोई परिणाम नजर नहीं आया।

### 2292 सहायक शिक्षक पद भरने के लिए जारी नोटिफिकेशन

साझा मंच ने कहा है कि नोटिफिकेशन के नाम पर सहायक शिक्षक के 2292 पद जारी किए गए हैं जबकि विषय शिक्षक, व्याख्याता, ग्रंथपाल, व्यायाम शिक्षक आदि के पोस्ट का अभी तो ठोस कुछ जारी नहीं किया गया है। उनकी मांग है कि व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल एवं प्रयोगशाला शिक्षक ,सहायक शिक्षक ,शिक्षक और व्यख्याता के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती का नोटिफिकेशन पद वृद्धि के साथ जारी किया जाए और सभी विषयों में भर्ती की जाए। आत्मानंद, विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की तर्ज पर हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को भी परीक्षा में शामिल होने का समान अवसर दिया जाए। यदि शिक्षक भर्ती चरणबद्ध तरीके से की जानी है, तो सरकार उसका स्पष्ट एवं समयबद्ध भर्ती कैलेंडर (शेड्यूल) जारी करे। आयु सीमा में छूट दी जाए। शैक्षणिक योग्यता में 5% की छूट मिले। प्रदर्शन में मुख्य रूप से गीता सारथी, ललित साहू, कामेश्वर यादव, अरविंद आर्य, हेमंत सार्वा आदि शामिल हुए।

# 14 दिन से बिना आयुक्त के चल रहा 60 वार्डों का दुर्ग निगम, मेयर का विभागीय मंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- विभागीय कामकाज हो रहे प्रभावित
- महापौर ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को भी दी लिखित में दी जानकारी

नगर निगम दुर्ग में संभवतः पहला मौका है जब आयुक्त नहीं है। सहायक आयुक्त मोहेंद्र साहू पिछले करीब 17 दिनों से प्रभार संभाल रहे हैं। आयुक्त और आ ई ए ए स सुमित अग्रवाल के ट्रांसफर के बाद से दुर्ग निगम के आयुक्त का पद खाली है। इसकी वजह से वित्तीय और प्रशासन कार्य बुरी तरह प्रभावित हैं। एमआईसी की बैठक से लेकर कार्यों की स्वीकृति के प्रकरण अटके हुए हैं। सरकारी राशियों का हस्तांतरण तक नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर लोग लगातार शिकायत लेकर निगम




दफ्तर पहुंच रहे हैं, जहां से उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है।

इस परेशानियों को देखते हुए महापौर अलका बाघमार ने नगर निकाय मंत्री और उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। महापौर अलका बाघमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पालिक निगम दुर्ग में आयुक्त का पद पिछले लगभग एक माह से रिक्त होने के कारण निगम के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुक्त के नियमित रूप से पदस्थ नहीं होने से विकास कार्यों की गति मंद पड़ रही है तथा वित्तीय प्रबंधन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

महापौर ने पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि नगर निगम दुर्ग के सुचारू प्रशासन, विकास कार्यों में तेजी तथा जनहित के कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से शीघ्र पूर्णकालिक आयुक्त की नियुक्ति की जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। महापौर अलका बाघमार ने इस संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह को भी पत्र देकर शीघ्र पूर्णकालिक आयुक्त की नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि निगम के विकास एवं जनहित के कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य शासन जनहित एवं नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर 7 से 15 अगस्त तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

संस्कृति विभाग के निर्देशों के परिपालन में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण राज्य में चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित किया गया है। तृतीय चरण के अंतर्गत 7 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ विभिन्न देशभक्तिपूर्ण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिले के सर्व विभाग प्रमुखों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के तहत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत मुख्यालयों सहित सभी स्कूल और कॉलेजों में ध्वजारोहण के पश्चात व्यापक स्तर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। अभियान की अवधि के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, मशाल रैली, देशभक्ति गीत, विचार गोष्ठी एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त 14 अगस्त को वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी तथा शाम को पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए वंदे मातरम ऑडियो-वीडियो बूथ भी स्थापित किए जाएंगे, जहां आम जन अपनी आवाज में रिकॉर्डिंग कर अभियान के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे।

# बार एवं रॉड मिल घर से घर तक सुरक्षा संवाद, कर्मियों के परिजन भी हुए शामिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) द्वारा संविदा कर्मियों एवं उनके परिवारजनों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से घर से घर तक नामक सुरक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन- ज्ञानार्जन एवं विकास केन्द्र के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में 80 संविदा कर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री थे।

उन्होंन कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार सोच और कार्यसंस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब परिवार के सदस्य भी सुरक्षित कार्य व्यवहार के लिए प्रेरित करते हैं, तब कर्मचारी अधिक जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करता है।





### विजेता हुए पुरस्कृत

इस अवसर पर महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती, समीर पाण्डेय तथा तुषार श्रीखंडे ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को कार्यस्थल, घर एवं आवागमन तीनों ही स्तरों पर समान प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का संचालन सुरक्षा अधिकारी श्री शशांक शर्मा ने किया। विजेताओं ज्ञानी साहू, सरस्वती गुप्ता, सौम्या कश्यप, योगिता साहू, दिलेश्वरी देवांगन, झामिन साहू शदफ, रत्ती देवांगन तथा बच्चों पल्लवी, आरोही, चारुल, ममता एवं किरण को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया।

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने भिलाई निगम की नई पहल

# प्रमुख चौक-चौराहों पर बनाया जा रहा वाहन लेफ्ट फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- शहर में यातायात के दबाव को कम करने की कवायद

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौक-चौराहों पर लेफ्ट फ्री व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि वाहन चालकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और यातायात का दबाव कम किया जा सके।



नगर निगम द्वारा चंद्रा मौर्या चौक, घड़ी चौक, नेहरू नगर चौक, सूर्या मॉल चौक सहित अन्य ऐसे प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर स्वीकृत किया गया है, जहां दिनभर वाहनों का अधिक आवागमन एवं यातायात का दबाव रहता है। इन स्थानों पर नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत लेफ्ट फ्री हेतु कार्य की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को बाएं मुड़ने के लिए अनावश्यक रूप से सिग्नल या चौराहे पर रुकना न पड़े और यातायात का प्रवाह लगातार बना रहे।

लेफ्ट फ्री व्यवस्था से चौराहों पर वाहनों के अनावश्यक रुकने एवं जाम की स्थिति को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही वाहनों के बार-बार रुकने और चालू होने से होने वाली अतिरिक्त ईंधन खपत में भी कमी आएगी। यातायात के सुचारू संचालन से वाहन चालकों का समय बचने के साथ ही चौराहों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में भी सहायता मिलेगी। लेफ्ट फ्री निर्माण से वायु गुणवत्ता में सुधार कर प्रदूषण में कमी आएगी ।

नगर निगम भिलाई का उद्देश्य शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाना है। प्रमुख चौक-चौराहों पर लेफ्ट फ्री व्यवस्था विकसित होने से आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

### मकान से 80 हजार का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि एसआईएस प्रोसिगर होल्डिग प्रायवेट लिमिटेड रायपुर में कार्यरत मकान नंबर 120 बी वार्ड 28 कैम्प निवासी रंजीत प्रसाद 24 जुलाई को मकान में ताला जड़कर अपनी छोटी बहन के घर नागपुर महाराष्ट्र गया था। पडोसी कंचन ठाकुर ने फोन से सूचित किया कि मकान का मेन दरवाजे मे ताला नही लगा है। कंचन ने विडियो काल कर मकान के भीतर दिखाया जिसमें सारा सामान बिखरा पडा मिला। आलमारी के लाकरो को तोड़कर सोना चांदी के जेवरात, साडी गायब मिला। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



जो बीत गया उसका जिक्र और जो...

## लाइव इवेंट

### तैराक राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का कर रहे शानदार प्रदर्शन




**भिलाई।** सीबीएसई द्वारा आयोजित दूरस्थ पूर्व क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चे अपना दमखम दिखा रहे हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम एवं पूर्वोत्तर राज्यों से आए प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र( जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी व विशेष अतथि मैनेजरबोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट डीपीएस भिलाई थे।

मुख्य अतिथि श्री प्रियदर्शी ने कहा कि प्रतियोगिता पर्व में आये हुए सभी प्रतिभागियों एवं उनके प्रशिक्षकों से कहा कि वे सभी भिलाई से जुड़े हुए हैं क्योंकि देश की सभी रेल की पटरियाँ भिलाई इस्पात संयत्र से ही बनती हैं । उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सकारात्मक ऊर्जा एवं सुंदर स्मृतियों को साथ लेकर अपने-अपने विद्यालय जाने के प्रति विश्वास व्यक्त किया । प्रतियोगिता में 201 विद्यालयों के 748 छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों से आए 308 संरक्षक शिक्षक एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित हैं।

प्रतियोगिता में 59 विद्यालयों के 272 छात्र-छात्राएँ तथा 87 संरक्षक शिक्षक एवं प्रशिक्षक प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। पश्चिम बंगाल से 79 विद्यालयों के 289 प्रतिभागी तथा 124 संरक्षक शिक्षक एवं प्रशिक्षक आए हैं। ओडिशा से 32 विद्यालयों के 115 छात्र-छात्राएँ एवं 46 संरक्षक शिक्षक एवं प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। वहीं असम एवं पूर्वोत्तर राज्यों से 31 विद्यालयों के 72 प्रतिभागी तथा 51 संरक्षक शिक्षक एवं प्रशिक्षक शामिल हैं।

प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्गों के बालक एवं बालिका वर्गों सहित कुल आठ समूहों की स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 120 इवेंट्स होंगे।

मेजबान विद्यालय डीपीएस भिलाई के प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुन्जानी ने कहा कियह प्रतियोगिता प्रतिभाशाली तैराकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी । मेजबान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी ।

## लाइव इवेंट

### महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में नवाचार लाने रश्मि बनीं रेनबो क्वीन



**भिलाई।** सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में ऑल इंडिया लीनेस क्लब के स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे देश में मनाए गए फाउंडेशन मंथ सेवा अभियान में डिस्ट्रिक्ट सीजीआई ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत के सभी 24 डिस्ट्रिक्टों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा हर वर्ष जुलाई में फाउंडेशन मंथ के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान देशभर के डिस्ट्रिक्ट स्थायी सेवा परियोजनाएं, जनकल्याणकारी कार्यक्रम, नवाचार और जीरो बजट सेवा अभियान संचालित करते हैं। इन कार्यों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन कर उत्कृष्ट डिस्ट्रिक्ट को सम्मानित किया जाता है। चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में सर्वाधिक स्थायी सेवा परियोजनाएं पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि के लिए डिस्ट्रिक्ट को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही रश्मि अग्रवाल को संगठन के प्रतिष्ठित रेनबो क्वीन अवॉर्ड से नवाजा गया। रश्मि अग्रवाल ने बताया कि रेनबो क्वीन अवॉर्ड ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। यह उस नेतृत्वकर्ता को दिया जाता है जिसने सेवा, संगठन, नेतृत्व, नवाचार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अपने डिस्ट्रिक्ट को राष्ट्रीय पहचान दिलाई हो। रेनबो यानी इंद्रधनुष के सात रंग विविधता, समरसता और बहुआयामी सेवा के प्रतीक हैं। यह सम्मान ऐसे नेतृत्व को समर्पित है जो समाज के अनेक क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाता है और हजारों लोगों को सेवा से जोड़ता है। फाउंडेशन मंथ के दौरान 42 लीनेस क्लबों ने समाज के लिए स्थायी जनहितकारी परियोजनाएं स्थापित कीं। इनमें 14 वाटर कूलर, 10 सार्वजनिक बेंच, 4 एयरपोर्ट चेयर, व्हीलचेयर, पानी की टंकियाँ, स्कूलों के लिए चेयर-टेबल, कलाकारों के लिए टेबल-चेयर, वेलकम बोर्ड, ठेला-सब्जी विक्रेताओं के लिए डस्टबिन सहित अनेक संसाधन शामिल हैं, जिनका लाभ वर्षों तक आमजन को मिलेगा।



● साई मंदिर सेक्टर 6 में रक्तदान, सत्यनारायण कथा, भंडारा और भजन संध्या के आयोजन

# गुरु पूर्णिमा पर ट्विनसिटी में गूंजेंगे भजन, मंदिरों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, भक्त गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन कर लेंगे आशीर्वाद

भिलाई। गुरुओं के प्रति सम्मान और आदर के भाव प्रकट करने का पर्व गुरुपूर्णिमा आज श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आज सभी स्थानों में मनाया जायेगा। बुधवार को गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालु अपने गुरुओं से आशीर्वाद लेने मंदिरों और आश्रमों में पहुंचेंगे। इस अवसर पर ट्विनसिटी के धार्मिक स्थलों में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का संगम देखने को मिलेगा। शिर्डी साई बाबा मंदिर सेक्टर-6, सिविल लाइन कसारीडीह साई मंदिर, विश्व जागृति मिशन और बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा, रक्तदान और भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित होंगे।



### सेक्टर-6 साई मंदिरः रक्तदान से रात 9 बजे तक भजन संध्या



श्री शिर्डी साई बाबा संस्थान, सेक्टर-6 में कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 7.30 बजे श्री सत्यनारायण कथा से होगी जो 9 बजे तक चलेगी। 9 से 11 बजे श्री साई बाबा का रुद्राभिषेक और सुबह 9 से 1 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित होगा। संस्थान ने सभी रक्तदाताओं से इस पुण्य कार्य में सहभागिता की अपील की है। दोपहर 11 से 11.30 बजे मध्यान्ह आरती, 11.30 से 12.30 बजे सत्य साई बाबा सेवा समिति का भजन और दोपहर 12.30 बजे से भंडारा होगा। संध्या आरती 6.30 बजे के बाद रात 7 से 9.15 बजे विशेष भजन संध्या होगी। इसमें राष्ट्रीय स्तर के गायक पी.टी. उल्लास कुमार अपने सुमधुर भजनों से भक्तों को भक्ति रस में डुबोएंगे। साथ में रबिन्द्र कर्मकार, के.एल. बालासुब्रमण्यम, देवव्रत मजुमदार, अनुष्का नायर, अनिरुद्ध नायर और सतीश सिन्हा रहेंगे। संचालन सुप्रियो सेन करेंगे। शेज आरती 9.15 बजे से होगी।

### कसारीडीह साई मंदिर- महाभिषेक और साई महिला भजन मंडली



दुर्ग सिविल लाइन कसारीडीह स्थित श्री साई बाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंदिर समिति अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह 7 बजे महाभिषेक, आरती एवं हवन-पूजन से शुभारंभ होगा। इसके बाद महाप्रसादी वितरित की जाएगी। सभी अनुष्ठान मुख्य पुजारी कैलाशचंद्र तिवारी के सानिध्य में होंगे।दोपहर 3 बजे साई महिला भजन मंडली की प्रस्तुति और सायं 7 बजे भव्य साई भजन संध्या होगी। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### विश्व जागृति मिशन और बम्लेश्वरी मंदिर में भी आयोजन

विश्व जागृति मिशन दुर्ग-भिलाई मंडल द्वारा भिलाई हुडको स्थित जगदंबा मंदिर में सुबह 10 बजे से गुरुवर पूज्य सुधांशु महाराज का पादपूजन, गुरुभजन कीर्तन और महाप्रसाद होगा। वहीं दुर्ग इंदिरा मार्केट स्थित मोती महावीर मंदिर में सुबह 9 बजे से गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित है।





बम्लेश्वरी मंदिर, सेक्टर-6 में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे अभिषेक के बाद गुरु सेवा और भोग प्रसाद वितरण होगा।आयोजकों ने सभी भक्तों से कार्यक्रमों में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का निवेदन किया है।

## आईआईटी में प्रवेश ही अंतिम लक्ष्य नहीं है, अब शुरू हुआ असली सफर

**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई ने करीब 600 नए छात्रों का स्वागत किया। नए विद्यार्थियों को कैंपस जीवन और संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के लिए स्टूडेंट मेंटरशिप प्रोग्राम एसएमपी के तहत 24 से 27 जुलाई तक चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओरिएंटेशन के दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया।

इसमें संस्थान के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, डीन प्रो. सौम्या गंगोपाध्याय, प्रो. संतोष बिस्वास, डॉ. सुधानवा पात्रा, डॉ. कुलदीप कटारिया और एसएमपी फैकल्टी-इन-चार्ज डॉ. प्रवीण कुमार ने कैंपस की सुविधाओं, शैक्षणिक सहयोग, शोध के अवसरों और छात्र जीवन की जानकारी दी। नए छात्रों को संबोधित करते हुए डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि आईआईटी में प्रवेश ही अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह सफलता की यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचने की उपमा देते हुए कहा कि असली शिखर तक पहुंचने के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। उन्होंने छात्रों से अपनी शिक्षा का उपयोग समाज की समस्याओं के समाधान के लिए करने का आह्वान किया। प्रो. प्रकाश ने कहा कि युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार



के जरिए देश के विकास में योगदान देना चाहिए तथा नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को उभरती तकनीकों में व्यावहारिक कौशल विकसित करने, रिसर्च एवं डेवलपमेंट परियोजनाओं से जुड़ने और पढ़ाई के साथ उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कैंपस संस्कृति पर जोर देते हुए उन्होंने आईआईटी भिलाई को एक सहयोगी और परिवार जैसा संस्थान बताया। उन्होंने छात्रों को हॉस्टल जीवन अपनाने, सहानुभूति और ईमानदारी जैसे मूल्यों को प्राथमिकता देने तथा समावेशी माहौल में सीखने की संस्कृति विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने में भाषा कभी भी बाधा नहीं बननी चाहिए।

## नीम, जामुन, आंवला और गुलमोहर के पौधे लगाकर छात्रों ने किया श्रमदान




**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। साथ ही देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने पौधे लगाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने बताया कि समीपस्थ ग्राम पिपरछेड़ी में वृहद वृक्षारोपण किया गया। स्कूल परिसर एवं आसपास नीम, जामुन, आंवला, करंज, गुलमोहर के पौधे लगाए गए। इसमें स्कूल शिक्षकों, ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कारगिल विजय दिवस पर परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, राइफलमैन संजय कुमार सहित भारतीय सेना के शहीद जवानों को याद किया गया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए। विधार्थियों ने ग्रामीण अंचल और परिसर में श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता संदेश दिया और वर्षा ऋतु में जलजनित रोगों से बचाव के लिए निरंतर साफ-सफाई पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन, पेयजल और आवश्यक सुविधाओं की होगी व्यवस्था

## बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा, डेढ़ दशक से भिलाई समिति लगा रही निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा के उद्देश्य से पिछले 15 वर्षों से लगातार कार्य कर रही बोल बम सेवा समिति, भिलाई गेट एक बार फिर निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर का आयोजन करने जा रही है। समिति द्वारा इस वर्ष भी ग्राम बाबा बैजनाथ धाम से लगे लोहटनिया (अबरखरवा) में सेवा शिविर लगाया जाएगा, जहां कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सेवा सामग्री से भरा वाहन किया गया रवाना

बैजनाथ धाम में लगने वाले शिविर की तैयारियों के लिए भिलाई से राशन एवं आवश्यक सामग्री से भरे सेवा वाहन को श्रद्धापूर्वक रवाना किया गया। वाहन रवाना करने के दौरान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बाबा भोलेनाथ के जयघोष के साथ सेवा कार्य के सफल संचालन की कामना की।

समिति के अध्यक्ष मुकेश पांडे ने बताया कि बोल बम सेवा समिति पिछले 15 वर्षों से श्रावण मास में निरंतर कांवड़ यात्रियों की निस्वार्थ सेवा कर रही है। शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेयजल,



विश्राम तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है, ताकि उनकी यात्रा सुगम और सुरक्षित बन सके। समिति के पदाधिकारियों ने संभाली तैयारियों की जिम्मेदारी। कार्यक्रम के दौरान मुकेश पांडे के नेतृत्व में सभी तैयारियों की समीक्षा की गई।

### भोलेनाथ से की मंगलमय यात्रा की प्रार्थना

समिति के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से सेवा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो तथा सभी कांवड़ यात्रियों की यात्रा सुरक्षित, मंगलमय और पुण्यमयी रहे। समिति ने समाज के लोगों से भी इस सेवा अभियान में सहयोग करने और श्रद्धालुओं की सेवा में सहभागी बनने की अपील की।

### छोटी शुरुआत, आज विशाल सेवा अभियान

समिति के संयोजक विष्णु पाठक ने बताया कि समिति के संरक्षक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे हैं। बोल बम सेवा समिति ने कांवड़ यात्रियों की सेवा का यह अभियान करीब 15 वर्ष पहले छोटे स्तर से शुरू किया था। समाज के लोगों के सहयोग, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और बाबा भोलेनाथ की कृपा से यह सेवा कार्य आज एक व्यापक स्वरूप ले चुका है।

उन्होंने बताया कि सेवा शिविर में आने वाले प्रत्येक कांवड़ यात्री के लिए निःशुल्क भोजन, चाय-नाश्ता, शुद्ध पेयजल, प्राथमिक उपचार हेतु दवाइयों सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है।

पार्षद विनोद सिंह ने बताया कि समिति लोगों का एकमात्र उद्देश्य शिवभक्तों की निस्वार्थ सेवा करना है और इसी भावना के साथ लगभग 50 सदस्यीय टीम दिन-रात सेवा कार्य में जुटी रहती है, ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



**स्पोर्ट्स इवेंट**

## जोनल ताइक्वांडो स्पर्धा में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** केडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुरुलिया पश्चिम बंगाल में 19 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई जोनल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा साधना यादव ने अंडर-14 बालिका वर्ग के 46 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं विद्यालय के छात्र समीर साहू ने 35 किलोग्राम भार वर्ग बालक में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त श्रेयश शर्मा ने 48 किलोग्राम भार वर्ग बालक में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता साधना यादव और समीर साहू का चयन अब सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक पानीपत हरियाणा में आयोजित की जाएगी, जहां दोनों खिलाड़ी केडी पब्लिक स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**सिटी लाइव**

## धनोरा स्कूल में छात्राओं को बांटी गई निशुल्क साइकिल




**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनोरा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं में प्रवेशित अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की 27 दूर दराज से विद्यालय आने वाली पात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। आयोजन का संचालन श्वेता सिंह ने गया।

सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण के लिए शाला में गठित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य चंद्रशेखर बंजारे, ममता साहू, सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, संगीता सप्रे, मनेश साहू, उषा बाई साहू, मोनिका सेन, दिनेश कुमार साहू, केशरी साहू, रेखा टंडन, मोतीलाल साहू, वंदना साहू, सीमा मधुकर, आगेश्वरी साहू, मोनिका सेन, रेखवंत साहू, सीमा साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रुलेश्वरी बंजारे ने छात्राओं से कहा कि साइकिल मिलने से आप लोग आत्मनिर्भर बनने के लिए कदम बढ़ा रही हो, इसका भरपूर लाभ उठाते हुए उच्च शिक्षा को अवश्य प्राप्त करना। शाला की प्राचार्य नीलिमा गजपाल, चित्र रेखा ठाकुर, अलका अगलावे, सरिता श्रीवास्तव, प्रियंका खापर्डे एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

**समाज इवेंट**

## जिला साहू संघ की 16 को वार्षिक आमसभा 6 दिसंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग की मासिक बैठक जिला कार्यालय साहू सदन, केलाबाड़ी दुर्ग में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक, शैक्षणिक और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें 16 अगस्त को आमसभा और 6 दिसंबर को परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में वार्षिक आमसभा सत्र 2026-27 का आयोजन आगामी 16 अगस्त रविवार को करने का निर्णय लिया गया। वहीं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 6 दिसंबर 2026 को होगा। इससे पूर्व सामाजिक परिचायिका की संपूर्ण तैयारी की रूपरेखा भी तय की गई। जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला समयानुसार होती रहनी चाहिए। युवक-युवतियों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा देने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ाई गई है। उन्होंने सामाजिक प्रमुखों से आग्रह किया कि वे इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक शिक्षार्थी लाभान्वित हों।

### 2 अगस्त को होगा वृक्षारोपण

जानकारी देते हुए जिला सह मीडिया प्रभारी पोषण साहू ने बताया कि इस वर्ष समाज की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत आगामी 2 अगस्त को जिला साहू संघ भवन, जयंती नगर दुर्ग में सुबह 9 बजे से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन सभी विषयों पर पदाधिकारियों एवं सामाजिक सदस्यों की सहमति बनी। बैठक में जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू, महासचिव राकेश साहू, सलाहकार रमेश साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, यतीश साहू ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. भारती साहू, अंकेक्षक लाल सिंह साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, संगठन सचिव देहुती साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका ललेश्वरी साहू, न्याय प्रकोष्ठ जे पी साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ संयोजक देवेंद्र कुमार साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ धनंजय साहू, प्रचार सचिव कुलदीप साहू, तहसील अध्यक्ष धमधा अमर दास, कार्यकारी अध्यक्ष ग्रामीण खिलावन साहू सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

**आबू राज पर्वत,पानीपत,दिल्ली से आए ब्रह्माकुमारों ने तनाव मुक्त खुशनुमा जीवन जीने की बताई विधि**

# जो बीत गया उसका जिक्र और जो कल होगा उसकी फिक्र नहीं, सिखाया तनावमुक्त और खुशनुमा जीवन जीने का राज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में साइंटिस्ट एंड इंजीनियर विंग के तत्वाधान में तनावमुक्त और खुशनुमा जीवन विषय पर एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आबू राज पर्वत, पानीपत और नई दिल्ली से आये ब्रह्माकुमारों ने राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक सोच और वर्तमान में जीने की कला के माध्यम से जीवन को एंगर फ्री, टेंशन फ्री और स्माइलिंग जोन बनाने के व्यावहारिक सूत्र साझा किए। इस दौरान डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर पूरे ऑडिटोरियम को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, इंजीनियर, शिक्षक और सामान्यजन उपस्थित रहे। भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने आत्मिक तिलक और पुष्पगुच्छ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची ने मंच संचालन किया।



### 7 दिन, 7 संबंध - नवीनता से भरें परमात्मा की याद

आबू राज पर्वत से छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए साइंटिस्ट एंड इंजीनियर विंग के अध्यक्ष ब्रह्माकुमार मोहन सिंघल ने कहा कि इधर-उधर देखते हो तो सभई की कमी, कमजोरी और अवगुण दिखाई देंगे। इसलिए सामने एक परमात्मा को देखो। उन्होंने जीवन को तनावमुक्त बनाने के लिए 5 शब्दों - क्यों, क्या, कैसे, कहां, कब से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य का स्वभाव है उसे रोज नवीनता और रचनात्मकता चाहिए। इसलिए परमात्मा शिव को हर दिन नए संबंध से याद करें। सोमवार को पिता के रूप में, मंगलवार को मां बनाकर शीतल पालना में रहें, बुधवार को शिक्षक के रूप में शिक्षा लें, गुरुवार को सद्गुरु के रूप में वरदान प्राप्त करें, शुक्रवार को सखा-दोस्त बनाकर हर परेशानी, तनाव, चिंता उन्हें अर्पण करें, शनिवार को छोटा बच्चा मानकर प्यार करें और रविवार को जीवनसाथी-हमसफर बनाकर हर कदम में साथ महसूस करें।





### जिसकी रचना इतनी सुंदर वह कितना सुंदर होगा

भिलाई स्टील प्लांट की विशेष सराहना करते हुए कहा कि जिसका स्टील आईएनएस विक्रांत और चंद्रयान में लगा है, वहां पीस ऑडिटोरियम में श्वेतवस्त्रधारी फरिश्तों की सभा देखकर अत्यंत प्रसन्नता और खुशी हो रही है। उन्होंने ब्रम्हकुमारी आशा की आंतरिक शक्तिशाली स्थिति की महिमा करते हुए कहा कि जिसकी रचना इतनी सुंदर है, वह कितना सुंदर होगा।

### घर बनाएं मंदिर, क्रोध को डेंजर न बनने दें

पानीपत से आए ब्रह्माकुमार भारत भूषण ने कहा कि परमात्मा को घर का मालिक बनाएं। घर की दीवारें अच्छी हैं लेकिन मंदिर की दीवारों में शक्तिशाली प्रकंपन होते हैं। आप सभी घर में परमात्मा को याद कर शक्तिशाली वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। क्रोधमुक्ति के लिए उन्होंने 1 महीने का होमवर्क देते हुए कहा एंगर या क्रोध को डेंजर न बनने दें। टेंशन के आगे अ लगाकर हर बात में अटेंशन दें। शुभ विचारों और संकल्पों से स्वयं को, परिवार को और घर को एंगर फ्री, टेंशन फ्री जोन बनाकर स्माइलिंग जोन बनाएं।

### वर्तमान में जिएं, यही है योगी जीवन की पहचान

नई दिल्ली से आए ब्रह्माकुमार पीयूष ने कहा कि दिन में छोटा बच्चा 400 बार मुस्कुराता है क्योंकि वह वर्तमान में जीता है। हम बड़े पास्ट और फ्यूचर की बातों को पकड़कर जीते हैं। योगी जीवन की परिभाषा देते हुए उन्होंने कहा मैं दुनिया में नहीं रहता लेकिन दुनिया की सारी बातें मेरे अंदर रहती हैं। आपको योगी जीवन बनाना है। व्यर्थ बातों से अंधा, गूंगा, बहरा बनना है। उन्होंने सुंदर स्लोगन दिया ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार, आत्मा ड्राइवर बॉडी इज ए कार। कहा देह की कर्मेन्द्रियों का उपयोग मालिक बनकर करना है। यही राजयोग मेडिटेशन की सरल विधि है। उनका मुख्य संदेश था जो बीत गया उसका जिक्र नहीं और जो कल होगा उसकी फिक्र नहीं।

### एकता और पालना से विश्व में प्रसिद्ध हुई ब्रह्माकुमारीज

कार्यक्रम के समापन पर ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने तीनों उपस्थित भाइयों की विशेषता बताते हुए कहा कि आप वरिष्ठ भाई राजयोगिनी दादियों के सदा आज्ञाकारी होकर रहे हैं। राजयोगिनी दादियों की आत्मिक पालना, धारणाएं और एकता-यूनिटी के कारण ही आज ब्रह्माकुमारीज संस्था का नाम विश्व में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में आए सभी श्रोताओं ने संकल्प लिया कि वे रोज राजयोग करेंगे और अपने घर-परिवार को सकारात्मकता से भरेंगे।

**छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक**

## मजबूत संगठन वही होता है, जहां अनुभव और नई ऊर्जा का समन्वय हो : संजय रुंगटा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज दुर्ग जिला कार्यकारिणी बैठक पद्मनाभपुर स्थित एक होटल में हुई। 9 महीनों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी चार महीनों की कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों एवं व्यापारी हितों से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर मंच पर संजय रुंगटा, अनूप गटागट, किशोर जैन, कुलदीप सिंह, डॉ. मानसी गुलाटी, नीतू श्रीवास्तव एवं प्रीति खरे प्रमुख रूप से मौजूद थे। अनूप गटागट ने कहा कि पिछले नौ महीनों में जिला चैंबर ने व्यापारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता है और सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, युवा एवं महिला विंग के सहयोग से चैंबर भविष्य में भी व्यापारियों के हितों की आवाज को और अधिक सशक्त बनाएगा। संजय रुंगटा ने संगठन के गौरवशाली इतिहास, वरिष्ठजनों के अनुभव तथा युवा नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत संगठन वही होता है, जहां अनुभव और नई ऊर्जा का समन्वय हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आपसी समन्वय, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता के साथ व्यापारी हितों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि जिला चैंबर भविष्य में भी नई उपलब्धियां हासिल करेगा। इस अवसर पर आशीष सक्सेरिया को युवा चैंबर का अध्यक्ष एवं आनंद जैन को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सदस्यता कार्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बैठक में चार महीनों में वृक्षारोपण, स्वतंत्रता दिवस समारोह, छोटे नोटों एवं सिक्कों का वितरण, निष्क्रिय सदस्यों के संबंध में आवश्यक कार्ययोजना, महिला विंग के आगामी कार्यक्रम, महिला विंग एवं नए सदस्यों को आईडी कार्ड वितरण, व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत कार्यक्रम तथा एमएसएमई ट्रेनिंग सेंटर को आमंत्रित कर व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन मनोज अग्रवाल एवं संजय खंडेलवाल ने किया। आभार प्रदर्शन किशोर जैन ने किया। इस अवसर पर शिव चन्द्राकर, अशोक राठी, मेंहदी भाई, जवाहर जैन, दिनेश टावरी, संतोष रूंगटा, विजय अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, राम खत्री, खेमा मध्यानी, बृजमोहन खंडेलवाल, विजय गजवानी, विनीत जैन, दिलीप मरोठी, सुदीप अग्रवाल, सतीश समर्थ, अरुण दुग्गड़, बहादुर अली, उदयशंकर त्रिपाठी, हेमंत गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

**ब्राह्मण समाज की आमसभा**

## पौधारोपण कर समाज के संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



**भिलाई।** ब्रह्मर्षि भूमिहार ब्राह्मण समाज दुर्ग- भिलाई की वार्षिक आम सभा परशुराम भवन सेक्टर 2 हुई । समाज के अध्यक्ष प्रविन प्रकाश सिंह ने युवा सदस्यों कि भागीदारी को जरूरी बताया और महासचिव मधुसुदन शर्मा ने समाज के वर्ष भर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला । कोषाध्यक्ष कृष्णा नंद राय द्वारा वर्ष 25 -26 का आय व्यय व वर्ष 26-27 का प्रस्तावित आय व्यय प्रस्तुत किया जिसे आम सभा ने सर्वसम्मती से अनुमोदित किया गया। अखिलेश नारायण सिंह एवं चंद्रमा राय ने अपने विचार व्यक्त किए । सभा में अशोक नारायण सिंह ,राम जी राय शर्मा एम एन राय,संजय सिंह अजय राय ,नवीन राय,संजीव सिंह, बंटु शर्मा ,एचपी राय, अनिल सिंह, सुनील शुक्ला ,सत्य प्रकाश राय, मोहित राय, आरके सिन्हा, विपिन ठाकुर ,अंजनी राय ,सतीश पांडे ,शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा उपस्थित थे संचालन बलराम सिंह औरधन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ उपाध्य छ सुरेश राय ने किया समाज के वरिष्ठ ने एक पेड़ मां के नाम का रोपण भी किया। सदस्यों को समाज के विकास एवं सहयोग के लिए संकल्प लिया गया ।

**समय पर भरें आयकर रिटर्न, नहीं तो बढ़ सकती है परेशानी**

## 31 जुलाई के बाद लग सकता है जुर्माना, बैंक लोन से लेकर टैक्स रिफंड तक पड़ सकता है असर

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आयकर रिटर्न आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही कर विशेषज्ञों ने करदाताओं को समय रहते रिटर्न दाखिल करने की सलाह दी है। अधिवक्ता राजकिशोर गुप्ता और अधिवक्ता उमा बंछोर का कहना है कि अंतिम समय तक इंतजार करना कई बार आर्थिक नुकसान और तकनीकी परेशानियों का कारण बन सकता है। उन्होंने पात्र करदाताओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर रिटर्न दाखिल कर कानूनी दायित्वों का पालन करने की अपील की है।



### अलग-अलग श्रेणियों के लिए अलग अंतिम तिथि

अधिवक्ता राजकिशोर गुप्ता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 से आईटीआर-4 तक के गैर-ऑडिट मामलों में आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। वहीं जिन मामलों में ऑडिट आवश्यक है, उनके लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। उन्होंने कहा कि करदाता अपनी श्रेणी के अनुसार समय-सीमा का ध्यान रखें।

### देरी पड़ सकती है महंगी

समय सीमा समाप्त होने के बाद रिटर्न दाखिल करने पर आयकर अधिनियम की धारा 234 एफ के तहत 1,000 रुपए से 5,000 रुपए तक का विलंब शुल्क लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कर देय होने की स्थिति में ब्याज का भुगतान भी करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर रिटर्न दाखिल कर इन अतिरिक्त वित्तीय भारों से आसानी से बचा जा सकता है।

### समय पर भरें आयकर रिटर्न

कर विशेषज्ञों के अनुसार समय पर आयकर रिटर्न दाखिल करने से केवल कानूनी अनुपालन ही नहीं होता, बल्कि बैंक ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, वीजा आवेदन और अन्य वित्तीय प्रक्रियाओं में भी सुविधा मिलती है। यदि किसी करदाता का टैक्स रिफंड बनता है तो समय पर रिटर्न भरने से उसकी प्रक्रिया भी जल्दी पूरी हो जाती है। भविष्य में आय संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन और अन्य वित्तीय जरूरतों के दौरान भी आईटीआर महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में काम आता है।

### रिटर्न भरने से पहले रखें ये दस्तावेज तैयार

रिटर्न दाखिल करने से पहले करदाता अपने पैन कार्ड, आधार कार्ड, फॉर्म-16, बैंक खाते का विवरण, टीडीएस की जानकारी, निवेश संबंधी दस्तावेज और अन्य आय के प्रमाण व्यवस्थित कर लें। सही जानकारी के आधार पर रिटर्न दाखिल करने से त्रुटियों और संशोधन की आवश्यकता कम हो जाती है।

### आखिरी दिनों की भीड़ से बचें

अधिवक्ता उमा बंछोर ने कहा कि अंतिम दिनों में आयकर पोर्टल पर उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ने से तकनीकी समस्याएं सामने आ सकती हैं। ऐसे में रिटर्न दाखिल करने में अनावश्यक विलंब और असुविधा हो सकती है। इसलिए करदाताओं को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द प्रक्रिया पूरी कर लेनी चाहिए।

### जागरूक नागरिक होने का भी दायित्व

दोनों अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि आयकर रिटर्न दाखिल करना केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का भी परिचायक है। उन्होंने दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के सभी पात्र करदाताओं से अपील की कि वे अपनी श्रेणी के अनुसार निर्धारित समय-सीमा से पहले रिटर्न दाखिल कर भविष्य की वित्तीय और कानूनी परेशानियों से बचें। साथ ही समय पर आईटीआर भरकर अपने वित्तीय रिकॉर्ड को भी मजबूत बनाए रखें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्वल का धमाका, डेडपूल के कॉस्ट्यूम में पहुंचे रयान रेनॉल्ड्स



मार्वल स्टूडियोज ने सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 के हॉल एच में धमाकेदार वापसी की, जहां फैंस को एक से बढ़कर एक बड़े सरप्राइज देखने को मिले। इस इवेंट में मार्वल ने अपनी आने वाली फिल्मों की शानदार लाइनअप पेश की और कई एक्सक्लूसिव खुलासे किए। नए प्रोजेक्ट्स, बड़े किरदारों की एंट्री और एमसीयू के भविष्य को लेकर ऐसे-ऐसे अपडेट सामने आए, जिससे फैंस का एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई। इस बीच स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने अपने फैंस को शानदार सरप्राइज दिया। वह अचानक फुल डेडपूल कॉस्ट्यूम में स्टेज पर पहुंच गए, जिससे वहां मौजूद सभी लोग खुशी से झूम उठे।

मार्वल स्टूडियोज के बड़े प्रेजेंटेशन के दौरान, जहां आने वाली फिल्म अवेंजर्स डूम्सडे के बारे में अपडेट दिए जा रहे थे, तभी रयान रेनॉल्ड्स ने एंट्री ली। इस दौरान उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और पॉल रड भी मौजूद थे।

हालांकि, मार्वल ने अभी तक यह कन्फर्म नहीं किया है कि रयान इस फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं। लेकिन उन्होंने मजाकिया अंदाज में पूछा कि क्या फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। इस पर रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने हंसते हुए जवाब दिया कि फिल्म तो पहले ही पूरी हो चुकी है।

रयान ने भी मजाक जारी रखते हुए कहा कि क्या अब कोई रीशूट या नए सीन नहीं जोड़े जाएंगे? उनके इस अंदाज ने फैंस को खूब एंटरटेन किया। बता दें कि रयान रेनॉल्ड्स आखिरी बार डेडपूल एंड वूल्वरिन में नजर आए थे, जिसने दुनिया भर में 1.3 बिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई की थी। फैंस लंबे समय से डेडपूल के अगले प्रोजेक्ट का इंतजार कर रहे हैं। रयान पहले ही इशारा दे चुके हैं कि वह एक नई तरह की डेडपूल फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें एक्स-मैन यूनिवर्स के किरदार भी शामिल हो सकते हैं।

### टॉलीवुड

## मणिरत्नम की फिल्म के सेट से विजय और साई की तस्वीरें लीक



मणि रत्नम की आने वाली फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हुई हैं, जिनमें विजय सेतुपति और साई पल्लवी साथ में शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। ये तस्वीरें कोलकाता के मशहूर हावड़ा ब्रिज की बताई जा रही हैं, जहां दोनों किसी गाने की शूटिंग कर रहे हैं। विजय सेतुपति इस दौरान क्लीन शेव लुक में दिखे, जबकि साई पल्लवी हमेशा की तरह सिंपल और नेचुरल अंदाज में नजर आईं। तस्वीरें सामने आते ही फैंस को विजय सेतुपति की सुपरहिट फिल्म '96' की याद आ गई। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा- '96 की तरह लग रही है!' यानी ये फिल्म भी वैसी ही इमोशनल लव स्टोरी हो सकती है। कुछ फैंस ने इसे मणि रत्नम की फिल्म 'ओके कनमनी' से भी जोड़ा और उम्मीद जताई कि डायरेक्टर एक बार फिर अपने खास रोमांटिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। हालांकि फिल्म का टाइटल और कहानी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन इन तस्वीरों ने लोगों की एक्साइटमेंट काफी बढ़ा दी है। खासकर इसलिए क्योंकि मणि रत्नम अपनी फिल्मों में प्यार को बहुत ही सादगी और गहराई से दिखाने के लिए जाने जाते हैं।

### भोजपुरी

## महादेव की भक्ति में लीन अक्षरा, सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज



भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की आज सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'। बता दें कि फिल्मों के अलावा अक्षरा अब कुकिंग व्लॉग भी चलाती हैं।




2026 के ट्रेडिशनल फ़ैशन में मल्टीकलर के साथ आराम को प्राथमिकता देने वाले डिज़ाइन, आइवरी या न्यूट्रल रंग के सेलिब्रेशन वियर और इंडो-वेस्टर्न फ़्यूज़न का मेल देखने को मिल रहे हैं। मुख्य स्टाइल में पहले से ड्रेप की हुई ड्रेस, हल्के और हवादार फ़ैब्रिक और अलग-अलग तरह के कपड़ों की लेयरिंग शामिल हैं।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर आप इन घरेलू तरीकों का इस्तेमाल करके आइब्रो को घनी और काली बना सकती हैं। इन नुस्खों को इस्तेमाल हर स्किन टाइप पर किया जा सकता है, लेकिन फिर भी रिस्क न लें। इससे पहले अपने ब्यूटी एक्सपर्ट से सलाह जरूर लें।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी के लिए खास




पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।



### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।



### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे।

## इन घरेलू और आसान उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है। बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं क्या हैं वो घरेलू चीजें और कैसे करें इनका इस्तेमाल ताकि हमारे बालों की भी खोई हुई चमक वापिस आ पाए। बालों को चमकदार बनाने के लिए मेथी दाना और दही का इस्तेमाल करना चाहिए।

### बालों में दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना को बालों में लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है।



इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### बालों को चमकदार बनाने के लिए क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें।

## लौंग के पानी से ठीक कीजिए मुंहासे

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लेकिन लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। जानी मानी ब्यूटीशियन शहनाज हुसैन बताती है कि चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के कई फायदे हैं।

### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।



### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं। (घर पर फेस क्लीन अप कैसे करें)

### रैशेज की समस्या को कम कैसे करें

गर्मी के मौसम में सनबर्न और एलर्जी के कारण रैशेज होने लगते हैं। रैशेज की वजह से खुजली की समस्या होने लगती है। रैशेज होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**बारिश की फुहारों के बीच साड़ी अपनाइये नई स्टाइल से**

## फेस्टिवल पर दिखना है खूबसूरत तो इन साड़ी लुक्स को करें ट्राई, महफिल की रौनक बन जाएंगी आप

फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।

### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।



### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा। इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं। खास बात ये है कि इसमें आपको डिजाइन और कलर मार्केट से मिल जाते हैं।